शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ अनुबंध पर 01 वाहन लिए जाने हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में जारी अल्पकालीन निविदा का विवरण।

कार्यालय श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अन्तर्गत शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ मासिक किराए पर पेट्रोल चलित 01 वाहन (इर्टिगा BS 6 माडल) लिए जाने हेतु कोविड–19 वैश्विक महामारी की स्थिति तथा शासकीय कार्यों की अपरिहार्यता को देखते हुए सीलबंद अल्पकालिक निविदा कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में आमंत्रित की जाती है।

सीलबंद निविदा प्रपत्र, निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक : 07.09.2021 की अपरान्ह 05:00 बजे तक कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में प्राप्त होने आवश्यक हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदाएं अस्वीकार्य होंगी।

प्राप्त सीलबंद निविदाएं दिनांक : 08.09.2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्रों का तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार योग्य न्यूनतम दरदाता फर्म को पत्र द्वारा अग्रिम कार्यवाही/वाहन आपूर्ति हेतु पृथक से सूचित कर दिया जाएगा।

श्रम आयुक्त
उत्तराखण्ड

ह०/–
श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी।

श्रम आयुक्त
उत्तराखण्ड